**Roll No. .........**

**502**

कक्षा **9** वीं परीक्षा, **2019-20**

**[7201-B]**

**HINDI (Special)**

हिन्दी (विशिष्ट)

**[Time: 03 Hours]** **[Maximum Marks: 100]**

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(3) आरंभ में दिए वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। कुल 5×5=25 अंक हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक 2-2 अंक के प्रश्न हैं तथा शब्द सीमा 30 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक 3-3 अंक के प्रश्न हैं तथा निर्धारित शब्द सीमा 75 शब्द है।

(7) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक 4-4 अंक के प्रश्न हैं तथा निर्धारित शब्द सीमा 120 शब्द है।

(8) प्रश्न क्रमांक 26 व 27, 5-5 अंक के प्रश्न हैं तथा शब्द सीमा 150 शब्द है।

(9) प्रश्न क्रमांक 28 के दो भाग हैं। भाग 'अ' के लिए 7 अंक निर्धारित हैं एवं शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है। भाग 'ब' के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। कुल अंक 7+3=10 है।

(10) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को छोड़कर सभी प्रश्नों में विकल्प का प्रावधान है।

**प्र.1** उचित शब्द का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - **(5×1=5)**

(i) सिपाही ने पत्र .......... से लिखा। (सीमा/घर)

(ii) कमाई में प्रत्यय ..........है । (आई/ई)

(iii) पंचवटी ............ है।(खण्डकाव्य/ महाकाव्य)

(iv) कृष्ण व सुदामा ............. थे। (पड़ोसी/सहपाठी)

(v) नारियल का फल ऊपर से ............. होता है। (कठोर/नरम)

**प्र.2** सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(5×1=5)**

(i) हमारी पृथ्वी है–

(अ) ग्रह (ब) तारा

(स) मण्डल (द) प्लूटो

(ii) वर्गों के सार्थक योग को कहते हैं –

(अ) सन्धि | (ब) शब्द

(स) समास | (द) अर्थ

(iii) तुलसीदास कवि हैं –

(अ) वीरगाथा काल के | (ब) भक्तिकाल के

(स) रीतिकाल के | (द) आधुनिक काल के

(iv) होनहार बिरवान के होत चीकने ............।

(अ) पात | (ब) खात

(स) आत | (द) जात

(v) गंगा नदी की पहली तथा बड़ी पश्चिमी सहायक नदी है –

(अ) कावेरी | (ब) गोदावरी

(स) यमुना | (द) चम्बल

**प्र.3** निम्नलिखित में सत्य/असत्य का चयन कर लिखिए - **(5×1=5)**

(i) पुस्तक कागज़ का बंडल मात्र होती है।

(ii) किरण शब्द का पर्यायवाची शब्द रश्मि है।

(iii) 'रसयुक्त वाक्य ही काव्य है' कथन आचार्य विश्वनाथ का है।

(iv) छन्द के पढ़ने की शैली को यति कहते हैं।

(v) भारत में जन्म लेने पर विवेकानन्द को गर्व था।

**प्र.4** सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – **(5×1=5)**

| कॉलम (अ) | कॉलम (ब) |
|---|---|
| (i) इसरो की स्थापना | (i) मीरा |
| (ii) भूमि | (ii) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (ii) मुक्तक काव्य | (iii) सुभद्रा कुमारी चौहान |
| (iv) मेरा नया बचपन | (iv) पाली धुंबा |
| (v) एक कुत्ता एक मैना | (v) धरा |

**प्र.5** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य/एक शब्द में लिखिए- **(5×1=5)**

(i) अम्बर कलंक किसे कहा गया है?

(ii) दही शब्द का तत्सम शब्द क्या है?

(iii) गोस्वामी तुलसीदास के प्रमुख महाकाव्य का नाम क्या है?

(iv) कवि वृन्द का पूरा नाम क्या था?

(v) एक स्वयं जात वन का नाम बताइए।

प्र.6 पेड़-पौधे हमारे लिए किस प्रकार फायदेमंद हैं?

(5×1=5)

अथवा

हकीकत में किस्मत किसे कहते हैं?

प्र.7 अंग्रेजों ने भारत में कितने सालों तक राज किया? (2)

अथवा

पं. जसराज का जन्म कहाँ हुआ था?

प्र.8 रस के कितने अंग होते हैं? नाम लिखिए। (2)

अथवा

छन्द कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए।

प्र.9 बचपन की याद किसे आ रही थी?

(2)

अथवा

सच्चे मित्र की क्या पहचान होती है?

प्र.10 पिंजड़े में बंद किसे रखा जाता है? (2)

अथवा

रैदास की प्रभु भक्ति किस भाव की है?

प्र.11 चन्द्रमा की किरणें कहाँ-कहाँ फैली हुई थी? (2)

अथवा

प्रिय के बोलने में कवि को किसकी वर्षा होती दिखाई देती है?

प्र.12 जीवन मार्ग में काँटे और कलियाँ क्या हैं? (2)

अथवा

निशीथ का दिया क्या ला रहा है?

प्र.13 शबरी के आश्रम में कौन आए थे? (2)

अथवा

माल्यवंत कौन था?

प्र.14 पन्ना कौन थी? (2)

अथवा

नारियल कहाँ का वृक्ष है?

प्र.15 लहरों में तैरने वालों को क्या मिलता है? (2)

अथवा

नैसर्गिक नियमों को क्या कहा जाता है?

प्र.16 जीवनलाल ने कमला को विदा करने से क्यों मना कर दिया? (2)

अथवा

स्वामी जी के अनुसार शीघ्र ही प्रत्येक धर्म की पताका पर क्या लिखा मिलेगा?

प्र.17 दिए गए शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए। http://www.mpboardonline.com (3)

अंतरिक्षयान, यात्री, वायुमंडल

अथवा

दिए गए शब्दों से कहानी बनाइए।

झील, पक्षी, पेड़-पौधे, तितली, वरसात, सूरज

प्र.18 नीचे दिए गए जीव-जन्तुओं की एक-एक विशेषता लिखिए– (3)

कुत्ता, बकरी, हिरण

अथवा

कल आपने कौन-सा अच्छा काम किया है? लिखिए।

प्र.19 अनुप्रास अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (3)

अथवा

महाकाव्य व खण्डकाव्य में तीन अन्तर लिखिए।

प्र.20 लोकोक्ति व मुहावरा में कोई चार अंतर लिखिए । (4)

अथवा

यौगिक शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए ।

प्र.21 वीरगाथा काल की चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

भक्तिकाल की दो विशेषताएँ लिखते हुए भक्तिकाल के दो कवि के नाम व उनकी एक-एक रचना लिखिए।

प्र.22 मीराबाई अथवा सुमित्रा नन्दन पंत का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए - (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

(iii) कला पक्ष

(iv) साहित्य में स्थान

प्र.23 मुंशी प्रेमचन्द अथवा हजारीप्रसाद द्विवेदी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर दीजिए- (4)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा

(iii) शैली

(iv) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ- प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए - (4)

चारुचन्द्र की चंचल किरणें,
खेल रही हैं जल थल में।
स्वच्छ चाँदनी बिछी हुई है,
अवनि और अंबर तल में।।

अथवा

रहिमन धागा प्रेम का,
मत तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर न मिले.
मिले गाँठ पड़ जाए।।

प्र.25 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए - (4)

"साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिन्ता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं? जनमत की उपेक्षा करके जाने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है।"

अथवा

भारत नदियों का देश रहा है। इसलिए नहीं कि इस देश में नदियों की ही अधिकता है बल्कि इसलिए कि इस देश में नदियों का विशेष रूप से सम्मान हुआ है। वे हमारे जीवन में बहुत महत्व रखती रही हैं। उनसे हमारा आर्थिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन समृद्ध हुआ है।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

विद्यार्थी जीवन वह समय है जिसमें बच्चों के चरित्र, व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है, जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है। पूर्णतः विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना सम्भव नहीं है। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने से वे टूट सकती हैं।

(i) व्यवहार को सुधारने का सर्वोत्तम समय कौनसा है? (1)

(ii) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। (2)

(iii) विकसित शब्द का विलोम शब्द लिखिए। (1)

(iv) यह जीवन अवस्था किसकी भाँति है? (1)

प्र.27 विद्यालय के प्राचार्य को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित में से किसी विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए- (7)

(i) विज्ञान के चमत्कार http://www.mpboardonline.com

(ii) पर्यावरण प्रदूषण

(iii) मेरा प्रिय खेल

(iv) जल ही जीवन है

(v) दूरदर्शन का महत्व

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निवन्ध की रूपरेखा लिखिए। (3)

(i) साहित्य और समाज

(ii) पुस्तकालय का महत्व

(iii) राष्ट्रीय पर्व

(iv) समाचार पत्रों का महत्व

(v) स्वच्छता का महत्व

**** **** ****

**http://www.mpboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
अपने पुराने पेपर्स भेजे और **10** रुपये पायें,
**Paytm or Google Pay** से